हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार 27 जुलाई 2026

11 अंत्योदय मेले में 1050 लाभार्थियों ने योजनाओं के लिए किए आवेदन



12 शहीदों की याद में बनेगा स्मारक, जिप सदस्य ने रखी आधारशिला



## खबर संक्षेप

### तार चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने बिजली के तार चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी शक्ति नगर, फतेहाबाद का रहने वाला पवन पुत्र कश्मीरी लाल है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए बिजली के तार के पांच बंडल बरामद कर लिए हैं। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि इस संबंध में आरके कॉलोनी, फतेहाबाद के निवासी रामेश्वर पुत्र प्रेमप्रकाश ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### 6 कारतूस सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** एंटी नारकोटिक्स सेल फतेहाबाद की टीम ने अवैध हथियार व गोला-बारूद के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मुस्तैदी दिखाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी गांव माजरा का रहने वाला बलविंद्र सिंह उर्फ बंटी पुत्र मंगल सिंह है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर के छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। एएनसी सेल फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम अपराध रोकथाम, अवैध हथियारों की धरपकड़ व गश्त के दौरान गांव माजरा-भिरडाना रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया।

### खेत से केबल चोरी में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने खेतों में लगे ट्यूबवेलों से बिजली की केबल चोरी होने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव अहरवां निवासी करगिल उर्फ करबीर पुत्र बिरसा राम तथा पम्मा पुत्र रमेश कुमार के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस संबंध में गांव भिरढाना निवासी तरजिंद्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई थी।

### हजारों रुपये की सट्टा राशि सहित युवक दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डिंग थाना क्षेत्र के गांव मोचीवली में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करने वाले एक युवक को काबू कर उसके कब्जा से 19,600 रुपए की सट्टाराशि बरामद की है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव मोचीवली क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की एक युवक सार्वजनिक जगह पर सरेआम नंबरों पर पैसे लगवाकर सट्टाखाईवाली कर रहा हैं।

# मोबाइल पर दिखेगी रोडवेज बसों की लाइव लोकेशन

फतेहाबाद डिपो ने भेजा रूट और स्टॉपेज का डेटा, अक्टूबर-नवंबर तक शुरू हो सकती है सुविधा

## लोगों को बस स्टैंड पर इंतजार से मिलेगी राहत

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

बस स्टैंड पर बस के इंतजार में खड़े यात्रियों को जल्द बड़ी राहत मिलने वाली है। हरियाणा रोडवेज अपनी बसों को जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम से जा की तैयारी में है। इसके बाद यात्री मोबाइल एप के जरिए बस की लाइव लोकेशन, वर्तमान स्टॉप और अपने स्टैंड तक पहुंचने का अनुमानित समय देख सकेंगे। इस योजना के तहत रोडवेज मुख्यालय ने सभी डिपो से रूट, बस स्टॉप, क्यू-शेल्टर और मार्ग में पड़ने वाले गांवों की लोकेशन का विवरण मांगा था। फतेहाबाद डिपो ने भी पूरा डेटा मुख्यालय को भेज दिया है। डेटा पोर्टल पर अपलोड होने के बाद बसों में जीपीएस डिवाइस लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रदेशभर के बस रूट और स्टॉपेज का डिजिटल मैप तैयार होने के बाद ही लाइव ट्रैकिंग व्यवस्था पूरी तरह लागू की जाएगी। सभी बसों को जीपीएस सिस्टम से जोड़ने के बाद यात्रियों को बस की वास्तविक स्थिति मोबाइल पर दिखाई देगी, जिससे बस स्टैंड पर अनावश्यक इंतजार कम होगा और यात्रा की बेहतर योजना बनाई जा सकेगी।

■ परिवहन मंत्री अनिल विज ने अगस्त 2025 में की थी घोषणा



फतेहाबाद। नए बस अड्डे पर खड़ी बसें। फोटो : हरिभूमि

अलग खबर

### एचआर मोबाइल एप पर मिलेगी पूरी जानकारी

हरियाणा रोडवेज का एचआर मोबाइल एप इस पूरी व्यवस्था का केंद्र होगा। एप के लाइव ट्रैकिंग विकल्प पर क्लिक करते ही गूगल मैप पर संबंधित बस की लोकेशन दिखाई देगी। यात्री रूट नंबर या बस के रजिस्ट्रेशन नंबर से भी बस खोज सकेंगे। बस पर क्लिक करते ही उसका डिपो, वर्तमान लोकेशन, निर्धारित रूट और अनुमानित पहुंचने का समय स्क्रीन पर उपलब्ध होगा। इसी एप के माध्यम से एसी बसों की ऑनलाइन टिकट बुकिंग और हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

### अक्टूबर-नवंबर तक शुरू हो सकती है सुविधा

जीपीएस ट्रैकिंग परियोजना की घोषणा परिवहन मंत्री अनिल विज ने अगस्त 2025 में की थी। तकनीकी कारणों से योजना समय पर लागू नहीं हो सकी। अब मुख्यालय स्तर पर दोबारा प्रक्रिया तेज कर दी गई है और सभी महाप्रबंधकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग को उम्मीद है कि डेटा अपलोड और तकनीकी कार्य समय पर पूरा होने पर अक्टूबर-नवंबर तक यह सुविधा यात्रियों के लिए शुरू हो सकती है।

### एप पर पता चलेगा बस कहां पहुंची, आपके पास कितने देर में आएगी

- मोबाइल एप पर मिलेगी बस की रियल टाइम लोकेशन।
- बस किस स्टॉप पर है और कितनी देर में पहुंचेगी, इसकी जानकारी मिलेगी।
- लेट चल रही बसों की लाइव स्थिति भी देखी जा सकेगी।
- बस स्टैंड पर अनावश्यक इंतजार और समय की बचत होगी।
- रोडवेज संचालन की निगरानी और पारदर्शिता बढ़ेगी।

### फतेहाबाद रोडवेज ने भेजा यह डेटा

- बस रूट का विवरण
- सभी बस स्टॉप की लोकेशन
- क्यू-शेल्टर की जानकारी
- रूट पर पड़ने वाले गांवों का डिजिटल डेटा
- जीपीएस ट्रैकिंग के लिए आवश्यक मैपिंग जानकारी

# 29 से शुरू होंगी सीबीएसई पूरक परीक्षा की प्रैक्टिकल

## स्कूल से आज ही प्राप्त करें जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2026 की कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षा के लिए प्रायोगिक परीक्षाओं की गाइडलाइन जारी कर दी है। प्रैक्टिकल परीक्षाएं 29 जुलाई से 4 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने पात्र विद्यार्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे आज अपनी मार्कशीट, एडमिट कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित स्कूल या परीक्षा केंद्र से संपर्क कर प्रैक्टिकल परीक्षा की तिथि व समय की जानकारी प्राप्त कर लें। बोर्ड के अनुसार जिन विद्यार्थियों को केवल प्रायोगिक परीक्षा दोबारा देनी है, उन्हें सिर्फ प्रैक्टिकल परीक्षा में शामिल होना होगा। वहीं सिद्धांत एवं प्रायोगिक दोनों में दोबारा परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए दोनों परीक्षाओं में शामिल होना अनिवार्य रहेगा। नियमित विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं उनके संबंधित स्कूलों में आयोजित होंगी, जबकि निजी अभ्यर्थियों को बोर्ड द्वारा आवंटित पूरक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देनी होगी। यदि किसी परीक्षा केंद्र पर संबंधित विषय की प्रयोगशाला उपलब्ध नहीं है तो क्षेत्रीय कार्यालय निकटवर्ती स्कूल या परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था करेगा।

### ये रहेगा शेड्यूल

**प्रैक्टिकल परीक्षा :** 29 जुलाई से 4 अगस्त
**स्कूल से संपर्क की अंतिम तिथि :** 27 जुलाई
**नियमित छात्र :** अपने स्कूल में प्रैक्टिकल
**निजी छात्र :** बोर्ड आवंटित परीक्षा केंद्र पर प्रैक्टिकल
**प्रैक्टिकल अंक :** परीक्षा वाले दिन ही सीबीएसई पोर्टल पर अपलोड होंगे।

### बाहरी परीक्षक क्षेत्रीय कार्यालय करेगा नियुक्त

सीबीएसई ने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को आवश्यकता अनुसार बाहरी परीक्षक नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल और परीक्षा केंद्र अपने स्तर पर बाहरी परीक्षक नियुक्त नहीं कर सकेंगे, बल्कि केवल आंतरिक परीक्षक नामित करेंगे। क्षेत्रीय कार्यालय केंद्रवार एवं विषयवार विद्यार्थियों की सूची तैयार कर समय पर प्रैक्टिकल परीक्षा संपन्न कराने, अंक बोर्ड के पोर्टल पर अपलोड कराने और उत्तर-पुस्तिकाएं प्राप्त करने की निगरानी करेंगे।

### अंक उसी दिन पोर्टल पर अपलोड करना होगा

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्रैक्टिकल परीक्षा संपन्न होने के उसी दिन विद्यार्थियों के अंक सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। सभी स्कूलों और परीक्षा केंद्रों को निर्धारित अवधि में प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न कर बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# लाखों की हेरोइन पकड़ी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से तीन तस्करों को लाखों रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों की पहचान सिरसा निवासी बिल्लू, सूर्यप्रकाश व गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 70 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी संदीप सिंह ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान सिरसा से गांव मंगाला की ओर जा रही थी। इसी दौरान गांव मंगाला के पास एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर वापस मुडक़र भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से 64 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिल्लू के रूप में हुई है। इसके अलावा एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गांव रघुआना क्षेत्र से बाइक सवार दो युवकों सूर्यप्रकाश व गुरमीत सिंह को छह ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। पुलिस टीम गांव रघुआना क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़े गए।



सिरसा। हेरोइन सहित पकड़ा गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

# 10 अगस्त को होगा 'जेल भरो आंदोलन'

■ अनाज मंडी में गिरफ्तारी देंगे किसान-मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

सरकार की जनविरोधी नीतियों, नए लेबर कानूनों और किसान-मजदूरों की लंबे समय से लटकी मांगों के विरोध में अखिल भारतीय किसान सभा, सीटू और खेत मजदूर यूनियन ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। रविवार को भट्टू कलां स्थित ताऊ देवीलाल पार्क में तीनों संगठनों की संयुक्त मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें 10 अगस्त को फतेहाबाद अनाज मंडी में जेल भरो आंदोलन करने का सर्वसम्मति से फैसला लिया गया। मीटिंग की अध्यक्षता संयुक्त रूप से खेत मजदूर यूनियन के जगदीश चन्द्र, सीटू ब्लॉक अध्यक्ष राम भगत और किसान सभा के सचिव सुभाष चन्द्र भादू ने की, जबकि मंच संचालन सीटू नेता ओमप्रकाश अनेजा व सुनील कुमार ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, सीटू नेता ओमप्रकाश अनेजा और सुनील कुमार ने बताया कि आंदोलन के पहले चरण में 29 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर की संयुक्त कन्वेंशन होगी। इसके बाद 10 अगस्त को भट्टू ब्लॉक से सैकड़ों की तादाद में किसान, मजदूर और वर्कर फतेहाबाद अनाज मंडी में एकत्र होंगे।



फतेहाबाद। भट्टू में हुई बैठक में भाग लेते किसान, मजदूर। फोटो : हरिभूमि

# 500 छात्रों ने ली नशामुक्त समाज की शपथ

■ फतेहाबाद पुलिस का नशा विरोधी अभियान, 20 पीड़ितों को मिली दवा व काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा ऑपरेशन जीवन ज्योति अभियान निरंतर प्रभावी रूप से जारी है। इस विशेष अभियान के तहत नशा पीड़ितों की पहचान कर उन्हें बेहतर उपचार उपलब्ध कराने, नियमित काउंसलिंग करने तथा युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए जिलेभर में व्यापक स्तर पर गतिविधियां चलाई जा रही हैं। एसआई सुंदर लाल के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद ने विशेष अभियान चलाते हुए फतेहाबाद शहर के तीन, गांव हिजरावां कलां के एक तथा गांव नाढोडी के एक सहित कुल पांच नए नशा पीड़ितों को चिन्हित किया। टीम ने इन सभी को तुरंत नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में उपचार के लिए दाखिल करवाया। अस्पताल में भर्ती पीड़ितों की टीम द्वारा विशेष काउंसलिंग की गई और उन्हें नशा छोडऩे के लिए मानसिक रूप से प्रेरित किया गया। दूसरी ओर, सहायक उपनिरीक्षक सज्जन कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान टोहाना मंडल की टीम ने भी क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां संचालित कीं। टीम ने नागरिक अस्पताल टोहाना में 15 नशा पीड़ितों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध करवाने में सक्रिय सहयोग किया। अभियान के तहत टोहाना स्थित सरस्वती के.एम. स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ कक्षाओं के लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।



फतेहाबाद। युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करते नशामुक्ति टीम इंचार्ज एसआई सुंदर। फोटो : हरिभूमि

# दुकानदार और उसके सहयोगियों ने ग्राहक पर किया रॉड-डंडों से हमला, अग्रोहा रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के भट्टू क्षेत्र में 22 हजार रुपये में खरीदी गई बिजली की मोटर खराब निकलने के बाद उसे बदलने और रुपये वापस मांगने पहुंचे एक युवक पर दुकानदार और उसके साथियों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भट्टू ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर दुकानदार समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बनावाली निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उसने करीब 15 दिन पहले किरढ़ाण बस अड्डे पर स्थित चक्की संचालक प्रेम बाजवा से 22 हजार रुपये में एक बिजली की मोटर खरीदी थी। 22 जुलाई को जब उसने घर पर मोटर चलाने का प्रयास किया, तो वह नहीं चली और खराब निकली। इसके बाद 23 जुलाई की सुबह वह अपने बड़े भाई कुलदीप और एक पड़ोसी को साथ लेकर मोटर बदलने या रुपये वापस लेने के लिए प्रेम बाजवा की दुकान पर पहुंचा। संदीप के अनुसार, जब उसने दुकानदार से मोटर बदलने या पैसे लौटाने की बात कही, तो दुकानदार ने साफ इनकार कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। आरोप है कि बहस के दौरान प्रेम बाजवा, भाल सिंह और दुकान पर काम करने वाले एक अन्य युवक ने संदीप के बड़े भाई के साथ मारपीट की और थप्पड़ मारे। इसके बाद जब संदीप जान बचाकर दुकान से बाहर निकला, तो आरोपी प्रेम ने लोहे की रॉड से सीधे उसके सिर पर वार कर दिया। वहीं, भाल सिंह ने डंडे से उसके पैर पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा।



सिरसा। सांसद को ज्ञापन सौंपते महिला संगठन।

### महिलाओं के विभिन्न मुद्दों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 को जनगणना एवं परिसीमन की शर्तों से अलग कर तत्काल लागू करने की मांग को लेकर विभिन्न संगठनों जनवादी महिला समिति, ज्ञान-विज्ञान समिति, सिख समाज संस्था, मानव संरक्षण कल्याण समिति सिरसा के प्रतिनिधियों ने सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा को ज्ञापन सौंपा। जनवादी महिला समिति से बलबीर कौर गांधी एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न महिला संगठन, नेटवर्क, नागरिक समाज समूह तथा सामाजिक सरोकार रखने वाले नागरिक महिलाओं की समान राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 को बिना किसी और देरी के लागू करवाने के उद्धेश्य से एकजुट हुए हैं। संसद द्वारा महिला आरक्षण कानून पारित किए जाने के लगभग तीन वर्ष बाद भी इसे लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संसद और राज्य विधानसभाओं में एक-तिहाई प्रतिनिधित्व देने के प्रश्न को किसी अन्य प्रक्रिया या राजनीतिक एजेंडे से जोडना न केवल अनुचित है, बल्कि इससे महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी हो रही है।

## सामुदायिक भवन, धर्मशालाओं और जनसुविधाओं के कार्यों को मिलेगी गति

# टोहाना के गांवों को सौगात, 4.58 करोड़ की ग्रांट मिली

■ पिरथला की जांगड़ा धर्मशाला को 10.99 लाख रुपये की ग्रांट मिलने पर ग्रामीणों ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार ने टोहाना विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति देते हुए विभिन्न गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की ग्रांट जारी की है। इस राशि से गांवों में सामुदायिक भवनों, धर्मशालाओं तथा अन्य जनहित से जुड़े विकास कार्यों को गति मिलेगी। इसी क्रम में गांव पिरथला स्थित जांगड़ा धर्मशाला के लिए 10 लाख 99 हजार रुपये की ग्रांट स्वीकृत की गई है, जिससे धर्मशाला में नए कमरों का निर्माण कराया जाएगा। ग्रांट स्वीकृत होने पर पिरथला के ग्रामीणों एवं जांगड़ा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रति भी आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि धर्मशाला में नए कमरों के निर्माण से सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और वर्षों से महसूस की जा रही आवश्यकता पूरी होगी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के गांवों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, सामाजिक संस्थाओं को सशक्त बनाने तथा जनसुविधाओं का विस्तार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि धर्मशालाएं केवल भवन नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कृति और सामाजिक समरसता का केंद्र होती हैं। इनके विकास से समाज को स्थायी सुविधाएं मिलती हैं और सामुदायिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर गांव में विकास की समान पहुंच सुनिश्चित करना है।



फतेहाबाद। धर्मशाला के लिए ग्रांट मिलने पर सांसद सुभाष बराला का आभार जताते पिरथला के ग्रामीण।

### विकास रहेगा जारी

उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि टोहाना विधानसभा क्षेत्र के विकास की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। क्षेत्र की जनभावनाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों के लिए भविष्य में भी हरसंभव प्रयास किए जाएंगे तथा किसी भी गांव के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। ग्रामीणों ने सांसद सुभाष बराला के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई यह ग्रांट टोहाना क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला का धन्यवाद करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के कार्य इसी प्रकार निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।



कहानी
**डॉ. मधुकांत**

# डरा-सहमा बाप

दोपहर का समय था। बाजार की गहमागहमी के बीच भूशरण अपनी कपड़े की छोटी सी दुकान में लकड़ी के पुराने काउंटर के पीछे बैठा था। पंखा अपनी पूरी रफ्तार से चल रहा था, लेकिन उसके माथे पर पसीने की बूंदें साफ चमक रही थीं। उसकी नजरें सामने की सड़क पर थीं, पर मन कहीं दूर अतीत की गलियों और भविष्य की चिंताओं में भटका हुआ था। तभी उसका पुराना मित्र रामेश्वर दुकान में दाखिल हुआ। उसने देखा कि भूशरण ने उसे आते हुए भी नहीं देखा।
रामेश्वर ने कंधे पर हाथ रखा, 'क्यों भूशरण भाई! आज किस दुनिया में खोए हो? ग्राहक खड़ा हो जाए तो शायद तुम्हें पता भी न चले।' भूशरण ने हड़बड़ा कर लंबी सांस ली, 'आओ रामेश्वर, बस यूँ ही... घर-गृहस्थी की बातें हैं।' रामेश्वर पास पड़े स्टूल पर बैठ गया और बोला, 'देखो भाई, चेहरा मन का दर्पण होता है। तुम्हारी आँखों की ये गहरी झुर्रियां बता रही हैं कि मामला मामूली नहीं है। सुना है दुख बांटने से हल्का होता है, शायद कोई समाधान ही निकल आए।' भूशरण का गला भर आया। उसने डबडबाई आँखों से कहा, 'रामेश्वर, समाज में हम 'लड़का-लड़का' कहकर छाती चौड़ी करते हैं, पर जब वही लड़का बड़ा होकर बाप को आँखें दिखाने लगे, तो कलेजा फट जाता है। बेटी राखी का विवाह किया तो लगा कंधों का बोझ उतर गया, पर यह धीरेंद्र... इसने तो नाक में दम कर रखा है। न पढ़ाई में मन लगाता है, न दुकान पर बैठता है। आवारागर्दी और बदतमीजी इसकी पहचान बन गई है।' रामेश्वर ने सहानुभूति से कहा, 'आजकल की हवा ही खराब है भूषण। पर तू एक काम कर, तू उसका बाप है, पर वो शायद तेरी बात न माने। तू चुपचाप उसके स्कूल जा और मास्टर जी से मिल। शिक्षक का भय और सम्मान आज भी बच्चों के मन में होता है।' अगले दिन भूशरण भारी मन से धीरेंद्र के स्कूल पहुँचा। गलियारे में चलते हुए उसे डर लग रहा था कि कहीं धीरेंद्र उसे देख न ले। वह प्रधानाध्यापक के कमरे में पहुँचा। मास्टर जी ने चश्मा ठीक करते हुए पूछा, 'जी, आप कौन? क्या काम है?' 'जी, मैं धीरेंद्र का पिता हूँ,' भूशरण ने हाथ जोड़कर कहा। मास्टर जी के तेवर बदल गए, 'अच्छा, तो आप हैं उसके पिता! धीरेंद्र तो एकदम नालायक है। कक्षा में पीछे बैठकर शोर मचाता है, दूसरों को पढ़ने नहीं देता और सुना है कि स्कूल के बाहर गलत लड़कों के साथ उठता-बैठता है। आप उसे घर पर कुछ कहते नहीं?'

भूशरण की आँखें झुक गईं। 'मास्टर जी, इसीलिए आपके पास आया हूँ। आप उसे समझाइए, थोड़ा डराइए। शायद आपकी बात मानकर वह सुधर जाए और सही रास्ते पर आ जाए।' फिर स्वर धीमा करते हुए उसने कहा, 'पर मास्टर जी, मेरा एक निवेदन है... उसे यह मत बताइएगा कि मैं शिकायत लेकर आया था।' मास्टर जी हैरान रह गए, 'क्यों भाई? आप उसके पिता हैं या कोई अजनबी? इतना डर क्यों? आजकल सरकार ने हमारे हाथ बांध रखे हैं कि हम बच्चों पर हाथ नहीं उठा सकते, पर आप तो उसे डांट सकते हैं।'भूशरण ने लाचारी से सिर हिलाया, 'मास्टर जी, आप नहीं समझेंगे। आजकल एक ही बेटा है। डर लगता है कि कहीं ज्यादा टोकने पर घर छोड़कर न भाग जाए या कुछ कर न बैठे। बस आप अपने स्तर पर देख लीजिए।' यह कहकर भूशरण एक अपराधी की तरह चुपचाप स्कूल से बाहर निकल आया। उसे नहीं पता था कि यह 'गोपनीयता' ज्यादा देर नहीं टिकेगी। दोपहर को जब धीरेंद्र स्कूल से लौटा, उसका चेहरा गुस्से से तमतमाया हुआ था। उसके दोस्तों ने उसे बता दिया था कि उसका 'बुड्ढा' बाप स्कूल में उसकी मुखबिरी करने आया था। घर में घुसते ही उसने जोर से बस्ता पटका। 'बापू! आपकी हिम्मत कैसे हुई स्कूल जाकर मेरी बुराई करने की?' धीरेंद्र चीखा। भूशरण के हाथ कांपने लगे, 'बेटा, मैं तो बस तुम्हारी भलाई के लिए...' 'चुप रहिए! आपने मुझे सबके सामने जलील किया है। अब देखिए मैं क्या करता हूँ!' धीरेंद्र चिल्लाता हुआ अपने कमरे में गया और दरवाजा अंदर से जोर से बंद कर लिया। शाम ढल गई। घर में चूल्हा नहीं जला। माँ रमी बार-बार दरवाजे पर दस्तक दे रही थी, 'धीरेंद्र बेटा, कुंडी खोल। देख माँ ने तेरे लिए परांठे बनाए हैं। बाहर आ जा बेटा!' अंदर से कोई आवाज नहीं आई। रमी रोने लगी और भूशरण को कोसने लगी, 'क्यों गए थे स्कूल? देख लीजिए, अगर मेरे बेटे ने कुछ कर लिया तो मैं जान दे दूंगी।' भूशरण जो खुद डरा हुआ था, अब गिड़गिड़ाने लगा, 'बेटा धीरेंद्र, दरवाजा खोल दे। मैं कान पकड़ता हूँ, अब कभी स्कूल नहीं जाऊंगा। जो तू कहेगा वही होगा। बस बाहर आ जा।' घंटों के मिन्नतों के बाद धीरेंद्र ने दरवाजा खोला।

> धीरेंद्र चिल्लाता हुआ अपने कमरे में गया और दरवाजा अंदर से जोर से बंद कर लिया। शाम ढल गई। घर में चूल्हा नहीं जला। माँ रमी बार-बार दरवाजे पर दस्तक दे रही थी, 'धीरेंद्र बेटा, कुंडी खोल। देख माँ ने तेरे लिए परांठे बनाए हैं। बाहर आ जा बेटा!' अंदर से कोई आवाज नहीं आई।



उसके चेहरे पर जीत की कुटिल मुस्कान थी। उसने जान लिया था कि उसके माता-पिता उसके 'गुस्से' के गुलाम हैं। समय बीतता गया, पर धीरेंद्र की आदतें नहीं बदलीं। दसवीं कक्षा में पहुँचते ही उसने नई मांग रख दी-मोटरसाइकिल।' बाबूजी, मुझे स्कूल जाने के लिए बाइक चाहिए। मेरे सभी दोस्तों के पास है,' उसने आदेशात्मक लहजे में कहा। भूशरण ने समझाने की कोशिश की, 'बेटा, अभी दुकान की हालत ठीक नहीं है। थोड़ा रुक जा, ग्यारहवीं में दिला दूंगा। 'धीरेंद्र का पारा चढ़ गया, 'हमेशा का यही रोना है! आपके पास मेरे लिए पैसे नहीं होते। ठीक है, अब मैं घर तभी आऊंगा जब बाइक आएगी।' वह गुस्से में घर से निकल गया। रात के दस बजे, फिर ग्यारह... धीरेंद्र नहीं लौटा। रमी का रो-रोकर बुरा हाल था। मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। भूशरण पागलों की तरह गलियों में उसे ढूंढ रहा था। रिश्तेदारों ने धीरेंद्र को ढूंढने के बजाय भूशरण को ही उपदेश देना शुरू कर दिया, 'भाई साहब, जमाना बदल गया है। बच्चों को प्यार से रखना पड़ता है। उसकी जिद पूरी कर देते तो क्या बिगड़ जाता?' अगली सुबह धीरेंद्र एक पार्क में बेंच पर सोता हुआ मिला। जब वह घर आया, तो भूशरण ने उसे गले लगाने के बजाय उसके सामने आत्मसमर्पण कर दिया। 'बेटा, तू घर आ गया, यही बहुत है। मैं कल ही उधार लेकर तुझे बाइक दिला दूंगा।' उस दिन भूशरण ने अपनी मेहनत की कमाई और स्वाभिमान, दोनों को उस लोहे की मशीन के बदले बेच दिया। बाइक आने के बाद धीरेंद्र के पंख और निकल आए। अब वह रात-रात भर बाहर रहने लगा। उसकी आँखों के नीचे काले घेरे और चाल में लड़खड़ाते कदम बता रहे थे कि वह नशे के दलदल में धंस चुका है। एक रात जब वह घर आया, तो सीधे भूशरण के सामने जाकर खड़ा हो गया। मुँह से शराब की बदबू आ रही थी। भूशरण उसे देखकर कांप उठा, पर कुछ बोल न सका। वह बस दीवार की ओर मुँह करके सो जाने का नाटक करने लगा। उसे अपने ही घर में अपने ही बेटे से डर लगने लगा था। रमी ने एक दिन सुझाव दिया, 'सुनो, इसकी शादी कर देते हैं। सिर पर जिम्मेदारी आएगी तो शायद सुधर जाए।' भूशरण ने ठंडी सांस भरी, 'रमी, हम अपनी बला किसी और के गले डालने जा रहे हैं। उस बेचारी लड़की का क्या दोष जिसे हम इस नर्क में झोंकेंगे?' पर ममता और उम्मीद के आगे तर्क हार गए। एक गरीब परिवार की सुशील लड़की 'शैला' से धीरेंद्र का विवाह कर दिया गया। शुरुआत में लगा कि शायद चमत्कार हो गया है। धीरेंद्र घर पर रहने लगा। पर यह शांति तूफान से पहले की खामोशी थी। जल्द ही उसने शैला को पीटना शुरू कर दिया ताकि वह अपनी माँ के गहने या मायके से पैसे लाकर उसे दे। भूशरण अपनी बहू की चीखें सुनता, पर वह इतना 'डरा-सहमा' था कि बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। साल गुजरते गए। रमी का देहांत हो गया। भूशरण अब बिस्तर पकड़ चुका था। घर में अब एक नया सदस्य था—पोता 'अधीर'। अधीर जब बड़ा हुआ, तो उसने घर में क्या देखा? एक शराबी पिता जो माँ को मारता है और एक लाचार दादा जो बस कोने में पड़ा रहता है।

> भूशरण उसे देखकर कांप उठा, पर कुछ बोल न सका। वह बस दीवार की ओर मुँह करके सो जाने का नाटक करने लगा। उसे अपने ही घर में अपने ही बेटे से डर लगने लगा था।

अधीर ने वही सीखा जो उसने देखा। वह भी नशे की दुनिया में चला गया। एक शाम का दृश्य बड़ा भयानक था। धीरेंद्र नशे में धुत्त होकर घर आया। उसने रसोई में जाकर शैला को खाने के लिए गाली दी और हाथ उठाया।' आज तुझे मार ही डालूंगा, रोज का किच-किच खत्म!' धीरेंद्र ने जैसे ही हाथ हवा में लहराया, एक मजबूत हाथ ने उसकी कलाई को बीच में ही दबोच लिया। वह अधीर था। उसकी आँखों में वही खून सवार था जो कभी धीरेंद्र की आँखों में अपने पिता के प्रति होता था। अधीर ने धीरेंद्र की कलाई इतनी जोर से मरोड़ी कि वह घुटनों के बल बैठ गया।' खबरदार! अगर आज के बाद माँ पर हाथ उठाया तो यह हाथ सलामत नहीं रहेगा,' अधीर की आवाज में ऐसी दरिंदगी थी कि धीरेंद्र का नशा हिरन हो गया। वह कांपने लगा। उसने आज पहली बार वह डर महसूस किया जो उसका पिता भूशरण सालों से महसूस कर रहा था। बैठक के कोने में बैठा बूढ़ा भूशरण यह सब देख रहा था। उसकी धुंधली आँखों से आंसू बह निकले। उसने देखा कि समय ने खुद को दोहराया है। धीरेंद्र ने जो बोया था, आज वही फसल काट रहा था। भूशरण ने एक लंबी और ठंडी सांस ली और बुदबुदाया, 'परमात्मा! यह चक्र कब रुकेगा? काश मैंने शुरू में ही इसे सही रास्ता दिखाया होता, काश मैं इतना डरा हुआ बाप न होता।' बाहर अंधेरा गहरा रहा था और घर के अंदर 'जैसी करनी वैसी भरनी' का सत्य साक्षात खड़ा था।

पुस्तक समीक्षा

## मन की अनवरत यात्रा का काव्य-संसार

समीक्षक
**नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'**

कविता वह विधा है जो मनुष्य के अंतर्मन की अनकही अनुभूतियों को शब्दों का स्पर्श देती है। जब कोई कवि जीवन के सामान्य अनुभवों में छिपे असाधारण भावों को सहज भाषा में अभिव्यक्त करता है, तब उसकी रचनाएँ सीधे पाठक के हृदय तक पहुँच जाती हैं। रविकांत राऊत एक ऐसे कवि हैं, जिनकी लेखनी जीवन के साधारण अनुभवों में भी असाधारण संवेदनाओं का स्पर्श खोज लेती है।

उनका कविता-संग्रह 'देह रुकी, मन बह चला' इसी संवेदनशील दृष्टि और सृजनात्मक परिपक्वता का सुंदर उदाहरण है। यह संग्रह केवल कविताओं का संकलन नहीं, बल्कि मनुष्य के अंतर्मन की यात्रा का जीवंत दस्तावेज़ है। इस संग्रह में कुल 46 कविताएँ संकलित हैं। स्पर्श से पहले, ख्वाबों का मिलन, डर लगता है, पतझड़, स्त्री के मन की राहें, अनाम ख़त, सत्य के अँधेरे में खिलते गुलाब, समय का सच, आत्मज्ञान, बोधिवृक्ष, रौशनी और कुछ तो बात रही होगी जैसी रचनाएँ जीवन के विविध रंगों को बड़ी आत्मीयता से सामने लाती हैं। हर कविता अपने भीतर एक अलग भावलोक रचती है और पाठक को कुछ देर ठहरकर स्वयं से संवाद करने के लिए प्रेरित करती है। इस संग्रह की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सरल, सहज और प्रवाहपूर्ण भाषा है। कवि ने कहीं भी अनावश्यक शब्दाडंबर या कठिन प्रतीकों का सहारा नहीं लिया। यही कारण है कि साहित्य के नए पाठक भी इन कविताओं को बिना किसी कठिनाई के पढ़ और समझ सकते हैं। संग्रह की एक और उल्लेखनीय विशेषता यह है कि प्रत्येक कविता आकार में अपेक्षाकृत छोटी होते हुए भी अपने भीतर गहरे अर्थ समेटे हुए है। कवि कम शब्दों में अधिक कहने की कला जानते हैं। यही कारण है कि इन कविताओं को पढ़ते समय ऐसा लगता है मानो वे किसी और की नहीं, हमारे अपने जीवन की ही कहानी कह रही हों।




वास्तव में रविकांत राऊत का यह संग्रह संवेदनाओं, आत्मीयता और जीवन-दर्शन का सुंदर संगम है। इसकी सरलता ही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। यह पुस्तक पाठक के मन में लंबे समय तक अपनी छाप छोड़ती है और यह विश्वास जगाती है कि देह चाहे थम जाए, पर मन की यात्रा कभी नहीं रुकती।

कवि कॉर्नर

कविता | **प्रो. ज्योति राज**



### तीन तिगाड़ा...

नहीं होती कायरों की कोई आवाज
न ही होते हैं उड़ने को कोई परवाज

बस रेंगते हैं जमीन पर मुँह ऊपर को उठा
कुढ़ते हैं उड़ते हुए बादल को देख
दिल पर लगा बैठते हैं दूसरों की दिलदारी

नहीं होती झूठों की कोई जमीन
न ही होते हैं उनकी झूठ के कोई पाँव

बस शर्मसार करते हैं सच को बारम्बार
उढ़ाते हैं सत्य को मिथ्यावादिता के आवरण
परोस कर लाते हैं बकबका मीठा सा बना कर

नहीं होती जिह्वाखोरों की कोई लगाम
न ही होते हैं कोई नियम क़ानून क़ायदे

बस फिसल जाती है जीभ मक्खनी मलाई सी
चटखारे लेने की जद में भूल जाते हैं तहज़ीब सारी
मुँह खोल बेहूदगी से चबाते हैं लफ़्ज़ों की तरकारी

नहीं होती हजम इन तीनों से वफ़ादारी की खुराक
न ही होते हैं ये तंदुरुस्त खाकर भरोसे की बूटी
ये तिगड़ी नहीं ला पाती कोई बड़ा जलजला

इनका प्रभाव सीमित समय के लिए जरूर होता है
यही क्षणिक पोषण इन्हें जिंदा बनाए रखता है

कविता | **डॉ. कमलेश मलिक**



### पावस की सौगात

बीते दिनों के उदासीन बादल
गहरी उमस से उलझने लगे हैं

शोर मचा है बाहर भीतर
जब से पावस ऋतु है आई
प्रतीक्षारत थीं कब से आंखें
प्यासी धरा ने ली अंगड़ाई

जतन से ढके थे अंगार हमने
पवन की छुवन से सुलगने लगे हैं

माटी ने सोंधी खुशबू बिखेरी
भंवरों ने छेड़ा राग सुहाना
फूलों से मिलकर मकरंद लेने
तितली ने ढूंढा सुंदर बहाना

विधना की रचना कितनी निराली
हम भी कुछ कुछ समझने लगे हैं

वर्षा की बूंदे बरसें छमाछम
चातक रटे है पीहू- पीहू
नाचे मयूरा मदमस्त होकर
कोयल भी गाये कुहू- कुहू

बारिश ने पुलकित किया सृष्टितन
उपवन के अवयव संवरने लगे हैं

चंपा-चमेली, गुड़हल की लाली
बोलो तुम्हें क्या सौगात दे दें
आंसू के जल से गीला आंचल
बस अंजलि भर बरसात दे दें

अंतरघट में सहेजे हुए जो
उद्गार भी अब छलकने लगे हैं

# दरवाज़े पर ईगो की दस्तक



व्यंग्य | **आसिम अनमोल**

मैं ईगो हूं। मुझसे भली भांति सब परिचित हैं ही। मैं जिधर से गुज़रता हूं। लोगों की दृष्टि झुककर सलाम करने के लिए व्याकुल हो जाती है। लोग रोटी कम खाते हैं। भय ज्यादा खाते हैं मुझसे। समाज के घिसे-पिटे नियम क़ायदों से मेरा कोई लेना-देना नहीं होता। यह सब आम जनमानस के लिए बने हैं। मुझे नैतिक शास्त्र से कोई मतलब नहीं।

मैं दबाव शास्त्र में विश्वास करता हूं। मेरी जिधर से राह गुज़र होती है। वो रास्ते कर्फ्यू में तब्दील हो जाते हैं। ईगो का अपना सोचना है कि हम जितने सरल मानसिकता के होंगे, समाज उतना ही मुझे निगलने का प्रयास करेगा। इसलिए हम कठोर बने रहने की अहम भूमिका निभाने में जी-जान से लगे रहते हैं। कोई हमें कोसे या मुझ पर लाख़ टिप्पणी करता रहे। मुझ पर कोई सामाजिक या आसामाजिक असर नहीं पड़ता। बल्कि मेरे ईगो में सकारात्मक इज़ाफ़ा होता है। ईगो का अपने परिचितों के यहां आना-जाना भी ईगो की अपनी मर्जी पर निर्भर करता है। एक रोज़ ईगो का अपने ख़ास परिचित के यहां जाना हुआ। ईगो दरवाज़े पर पहुंचकर बोला, दरवाज़ा खोलो मैं ईगो हूं। अरे, आप मेरे द्वार पर? विश्वास ही नहीं हो रहा। आइए आइए। परिचित ने आश्चर्य से दरवाजा खोलते हुए कहा। मूड तो नहीं हो रहा था, बस यूं ही चला आया। ईगो ने अपनी ईगो दिखाते हुए कहा। चलिए आप आ ही गये ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है। चाय बनवाता हूं आपके लिए, परिचित ने चाय ऑफर की। जैसे महंगाई आसमान छू रही है,वैसे ही ईगो का रेट बढ़ाते हुए कहा। नहीं, मैं चाय-वाय नहीं लेता। शुगर का ख्याल रखता हूं। बादाम-पिश्ते की दुद्धी पीकर आ रहा हूं। फल वगैरा भी जस्ट अभी खाए हैं। तुम्हारी चाय डियू रही, भविष्य में जरूर पीएंगे। कुर्सी पर बैठे हुए ईगो ने टांग पर टांग रखते हुए और सिगरेट को लाइटर से जलाते हुए अपनी ईगो में और चार चांद लगाये। आप शर्मा जी की बेटी की शादी के रिसेप्शन पर तो जाएंगे न ? पड़ोसी होने के नाते मैंने यूं ही पूछ लिया। पहली बात मेरे पास टाइम का झंझट बहुत है। दूसरी बात, शर्मा दरवाजे पर लड़के को कार्ड थमा कर चला गया। क्या मुझे नहीं दे सकता था? मैं खा तो नहीं जाता उसे। हां, थोड़ा बहुत अपनी ईगो का ख्याल रखते हुए उसे घूर कर अपना हाईप्रोफाइल दरवाजा जरूर बन्द कर लेता और इससे ज्यादा क्या करता। ईगो ने अपने सम्मान के विपरीत न जाने की अपनी जन्मजात बीमारी का खुलासा किया। परिचित ने पूछा, यह बताइए कि आप इतना कम क्यों बोलते हैं? समाज अक्सर यदा-कदा आपके बारे में टिप्पणी करता रहता है। मैंने सहानुभूति जताते हुए ईगो से जुड़ने की कोशिश की। समाज को क्या पता मेरी मार्केट वैल्यू क्या है? किसी की तो है नहीं इसलिए किसी को अपनी परवाह क्यों हो भला। मुझे अपनी ईगो की टीआरपी बढ़ानी होती है। इसलिए इसमें खामोशी अख्तियार करना, गलतियां और सम्बन्ध बिगाड़ने जैसे बड़े-बड़े योगदान देने पड़ते हैं। इन सबमें कितनी मेहनत और कौशल छिपा होता है, ये गैर ईगो समाज क्या जाने। ईगो ने अपनी उच्च कोटि की गुणवत्ता का बखान करते हुए बड़े ही खूबसूरती से प्रकाश डाला। लेकिन सुनने में ये भी आता है कि आप भावनात्मक पहलू पर बिल्कुल ध्यान नहीं देते? परिचित ने फिर कुरेदा। मेरी ईगो इतनी लचीली और कमजोर नहीं है, जो भावनाओं का शिकार होती फिरे। ईगो तो ईगो होती है। बिल्कुल सरकार की मानिद जैसा मन होता है वैसा करती है। उसका मुकाबला कोई नहीं कर सकता। यहां तक कि कई बार ऐसा होता आया है कि पति-पत्नी के टूटते रिश्तों में भी ईगो ने अपनी महति भूमिका निभाई है।

> *शर्मा दरवाजे पर लड़के को कार्ड थमा कर चला गया। क्या मुझे नहीं दे सकता था? मैं खा तो नहीं जाता उसे। हां, थोड़ा बहुत अपनी ईगो का ख्याल रखते हुए उसे घूर कर अपना हाईप्रोफाइल दरवाजा जरूर बन्द कर लेता और इससे ज्यादा क्या करता?*

कुछ हटकर

## यूएक्स डिजाइन : युवाओं में शानदार करियर विकल्प

**सेंट्रल डेस्क**
करियर

डिजिटल युग में लगभग हर काम मोबाइल एप और वेबसाइट के माध्यम से होने लगा है। चाहे ऑनलाइन खरीदारी हो, बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं या सरकारी योजनाएं, हर जगह उपयोगकर्ताओं को आसान और बेहतर अनुभव देने पर जोर दिया जा रहा है। यही कारण है कि यूएक्स (यूजर एक्सपीरियंस) डिजाइन आज सबसे तेजी से उभरते करियर विकल्पों में शामिल हो गया है। इस क्षेत्र में ऐसे पेशेवरों की मांग बढ़ रही है, जो डिजिटल उत्पादों को उपयोगकर्ता के लिए सरल, सुविधाजनक और प्रभावी बना सकें। यूएक्स का पूरा नाम यूजर एक्सपीरियंस है।

इसका अर्थ है किसी वेबसाइट, मोबाइल एप या डिजिटल उत्पाद का उपयोग करते समय उपयोगकर्ता को कैसा अनुभव होता है। यूएक्स डिजाइनर का काम यह सुनिश्चित करना होता है कि उपयोगकर्ता बिना किसी परेशानी के अपना काम आसानी से पूरा कर सके।

### विशेषज्ञताएं

यूएक्स डिजाइनर केवल स्क्रीन को आकर्षक बनाने का काम नहीं करता, बल्कि वह उपयोगकर्ताओं की जरूरतों और व्यवहार को समझकर पूरे उत्पाद को बेहतर बनाता है। उसके प्रमुख कार्य हैं।- उपयोगकर्ताओं की जरूरतों का अध्ययन करना।

- वेबसाइट या एप का प्रारंभिक खाका (वायरफ्रेम) तैयार करना।
- प्रोटोटाइप बनाकर उसकी जांच करना।
- उपयोगकर्ताओं से फीडबैक लेकर सुधार करना।
- डेवलपर्स और यूआई डिज़ाइनरों के साथ मिलकर अंतिम उत्पाद तैयार करना।



### आवश्यक कौशल

- रचनात्मक सोच और समस्या समाधान की क्षमता
- उपयोगकर्ता व्यवहार को समझने की योग्यता-संचार कौशल
- डिजाइन थिंकिंग-फिग्मा, एडोबी एक्सडी जैसे डिजाइन टूल्स की जानकारी
- टीम में काम करने की क्षमता

### प्रमुख सरकारी संस्थान

- प्रमुख सरकारी संस्थान-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन (एनआईडी) – अहमदाबाद, गांधीनगर, बेंगलुरु, भोपाल, आंध्र प्रदेश, हरियाणा समेत विभिन्न परिसरों में डिज़ाइन से जुड़े पाठ्यक्रम।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) बॉम्बे
- इंडस्ट्रियल डिज़ाइन सेंटर (आईडीसी) में यूजर एक्सपीरियंस और इंटरैक्शन डिज़ाइन से संबंधित कार्यक्रम।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) गुवाहाटी– डिज़ाइन विभाग में यूजर-केंद्रित डिज़ाइन शिक्षा।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी)– डिजिटल और इंटरैक्शन डिज़ाइन से जुड़े पाठ्यक्रम।

### कितना मिलता है वेतन

- फ्रेशर: लगभग 4 से 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष-2 से 5 वर्ष का अनुभव : 8 से 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष-अनुभवी यूएक्स डिज़ाइनर:
- 20 लाख रुपये या उससे अधिक वार्षिक पैकेज प्राप्त कर सकते हैं।
- भविष्य उज्ज्वल : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल सेवाओं और ऑनलाइन कारोबार के विस्तार के साथ यूएक्स डिज़ाइनरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र युवाओं के लिए सबसे अधिक अवसर देने वाले करियर विकल्पों में शामिल रहेगा।

मोटिवेशनल

## भीतर की जीत से शुरू होता है नई राहों का सफर



**विपुल शर्मा**
मोटिवेशनल स्पीकर

आज का युवा जीवन अपने जीवन का सबसे परिवर्तनशील दौर जी रहा है। एक ओर अनगिनत अवसर सामने हैं, तो दूसरी ओर प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितता का दबाव। हर दूसरे कदम पर तुलना, सोशल-मीडिया की चमक, और "तुरंत सफलता" का प्रलोभन युवाओं को भीतर से थका देता है। ऐसे समय में यह समझना ज़रूरी है कि नई राहों का सफर बाहर की दुनिया से नहीं, बल्कि भीतर की मानसिक शक्तियों से शुरू होता है। सफलता का असली रथ 'प्रतिभा' नहीं, बल्कि दृढ़ता, निरंतरता एवं धैर्य है। हमारी पीढ़ी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं है कि अवसर कम हैं, बल्कि यह है कि मन बिखरा हुआ है। कई बार युवा अपने हुनर या सपने से पहले ही हार मान लेते हैं, सिर्फ़ इसलिए कि उन्हें लगता है कि राह कठिन है। जबकि सच यह है कि हर कठिन राह के पीछे किसी बड़ी जीत की संभावना छिपी होती है। दुनिया का हर सफल इंसान पहले असफल व्यक्ति रहा है जो डटा रहा, टिका रहा और सीखता रहा। आज तकनीक ने नई दिशाएँ खोली हैं। कौशल सीखना पहले जैसा मुश्किल नहीं रहा। आज एक मोबाइल फोन से हजारों कोर्स, मार्गदर्शन और प्रेरणादायक सामग्री उपलब्ध है, लेकिन सब कुछ उपलब्ध होने के बावजूद बहुत से युवा आगे क्यों नहीं बढ़ पाते? क्योंकि व्यक्ति तभी बढ़ता है, जब उसके अंदर 'स्व-अनुशासन' पैदा होता है। परिस्थितियाँ नहीं, मानसिकता रास्ता तय करती है। जो व्यक्ति खुद को बदलने का साहस जुटा लेता है, दुनिया की कोई ताकत उसे रोक नहीं सकती। हर कौशल, हर करियर और हर मंज़िल की शुरुआत एक छोटे से कदम से होती है और वह कदम है आत्मप्रेरणा। कोई भी बाहरी शक्ति उतना बड़ा फर्क नहीं ला सकती, जितना फर्क आपका अपना मन, अपनी सोच और अपनी निरंतरता ला सकती है। यही कारण है कि आज के समय में सबसे बड़ा निवेश "डिग्री" नहीं बल्कि सीखने की आदत, काम के प्रति अनुशासन और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण है। जो युवा इन तीन चीजों को साध लेता है, वह किसी भी नौकरी, किसी भी उद्योग, किसी भी परीक्षा में अपना स्थान बना सकता है। युवाओं को बस यह याद रखना चाहिए कि सपने तभी पूरे होते हैं, जब हम उनके लिए भीतर से तैयार हों। जीत वहीं लिखी जाती है, जहां मन हिम्मत नहीं छोड़ता। नई राहों के अवसर पहले से अधिक हैं, बस कदम बढ़ाने की जरूरत है।

लघु कथा

## किरकिरी

विश्वविद्यालय में जल दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी से लौटते हुए राहुल के शब्दों में बेचैनी थी।
'बचपन से सुन रहे हैं— गरीबी हटाओ, जल बचाओ, विकास लाओ। हर साल बाढ़ आती है, हर गर्मी में पानी का संकट खड़ा हो जाता है। बदलता क्या है? बस सरकारी रिपोर्टों के आँकड़े।'



**नील मणि**
कहानीकार

रमेश ने कहा, 'समस्या केवल बारिश की नहीं, व्यवस्था की है।'
बात वहीं खत्म नहीं हुई।
अगले सप्ताह सोलह जागरूक छात्रों ने एक समूह बनाया। शहर के सोलह मोहल्ले चुने। उन्होंने तय किया कि शिकायत नहीं, शुरुआत करेंगे। घर-घर गए, लोगों को समझाया कि शहर को लंदन बनाने से पहले शहर को अपने ही देश की प्राचीन सभ्यता मोहनजोदड़ो के ड्रेनेज सिस्टम जैसी बेहतरीन व्यवस्था अपनाने की जरूरत है। साथ ही पिन्नियों,प्लास्टिक को टाटा बाय करने की जरूरत है; जिससे जल का प्राकृतिक बहाव बना रहे।
जल निकासी व्यवस्था और जल संरक्षण व्यवस्था सुचारू करने के लिए घर व छतों का जल पाइपों से पार्कों और रिचार्ज गड्ढों तक पहुँचाया जाए। छात्रों ने घर-घर जाकर चंदा इकट्ठा किया; निवासियों को विश्वास में लिया और साथ में निवासियों का अनुभव भी जोड़ा। छात्रों ने वर्षा जल संचयन विशेषज्ञ को भी साथ लिया।
कुछ महीनों बाद मानसून आया।
इस बार वही मोहल्ले पानी में नहीं डूबे। हैंड-पंपों का जल-स्तर ऊपर आया। पार्क हरे थे, गलियाँ सूखी थीं।
स्थानीय अख़बार ने शीर्षक छापा—
'जहाँ सरकार नहीं पहुँची, वहाँ छात्रों ने व्यवस्था को पहुँचा दिया।'
शैतानी वर्ग के बड़े ठेकेदारों और व्यापारियों के कान खड़े हो गए और वह छात्र समूह शैतान वर्ग की आँखों की किरकिरी बन गया।

## खबर संक्षेप

### कुतियाना माइनर में मिला लापता युवती का शव

**चोपटा।** गांव माखोसरानी के पास कुतियाना माइनर से एक युवती का शव मिला है। ग्रामीणों को नहर में एक युवती का शव बहता हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर कब्जे में लिया और पहचान के लिए नागरिक अस्पताल सिरसा की मोर्चरी में रखवा दिया। शव की पहचान सौम्या के रूप में हुई, जो भूना थाना क्षेत्र के गांव बेजलपुर की रहने वाली थी। सौम्या 24 जुलाई को घर से निकली लेकिन वापस नहीं लौटी थी।

### महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती मनाई

**सिरसा।** जिला कुम्हार सभा सिरसा के तत्वावधान में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।वक्ताओं ने महाराजा दक्ष प्रजापति के आदर्शों का अनुसरण करते हुए समाज में शिक्षा, संगठन, संस्कार एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया।

### पुलिस लाइन में लगाया मेडिकल कैंप

**सिरसा।** पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक केंद्र में रविवार को पुलिस जवानों और उनके परिवारजनों के लिए सामान्य रोग एवं मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 82 पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श दिया। एसपी दीपक सहारण ने बताया कि मेडिकल शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों में मानसिक तनाव कम करना, सामान्य बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही बेहतर कार्यक्षमता की सबसे बड़ी पूंजी है। पुलिस जवान दिन-रात कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी निभाते हैं, इसलिए उनका शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

### सांसद ने सुना पीएम के 'मन की बात' कार्यक्रम

**रतिया।** रविवार को रतिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 97 पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया। बराला ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को प्रेरित करने, सकारात्मक सोच विकसित करने, जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामान्य नागरिकों की प्रेरणादायी कहानियों को देश के सामने लाते हैं, जिससे समाज में सेवा, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को नई ऊर्जा मिलती है।

रतिया में आयोजित मेले में पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल

# अंत्योदय मेले में 1050 लाभार्थियों ने योजनाओं के लिए किए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना 2.0 के तहत पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोडऩे, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को बीडीपीओ कार्यालय, रतिया में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला आयोजित किया गया। मेले में दोपहर तक विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए 1050 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभार्थियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं


रतिया। मेले के दौरान महिला से बातचीत करते सांसद सुभाष बराला। फोटो: हरिभूमि

को जाना और उन्हें केंद्र एवं हरियाणा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि कोई भी जरूरतमंद परिवार सरकारी सहायता से वंचित न रहे। सांसद ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। इसके लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, बीडीपीओ अनिल बिश्नोई, ब्लॉक समिति चेयरमैन विकास कुमार, मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला, सुखविंदर गोयल, सुभाष खिलेरी, डॉ. प्रदीप खिलेरी, जिले सिंह बराला, डा. सुनील इंदौरा, सरपंच जसवीन्द्र सिंह, मिल्खा सिंह, अमन सिंह संबंधित अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं की जानकारी पहुंचे तथा किसी भी योग्य व्यक्ति को लाभ से वंचित न रहने दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही अंत्योदय के संकल्प को वास्तविक रूप से साकार करेगा।


सिरसा। स्टॉलों का निरीक्षण करते एडीसी। फोटो: हरिभूमि

## पात्र परिवारों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) 2.0 के तहत रविवार को बीडीपीओ कार्यालय में प्रथम चरण के अंत्योदय मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुरुक्षेत्र के लाडवा में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से अपील की कि वे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर स्वरोजगार अपनाएं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं। उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों तथा आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही लाभार्थियों को संबंधित योजनाओं के लिए आवेदन करने एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बीडीपीओ हरीश कुमार, चेयरमैन जसवंत सिंह, डीएम धर्मेंद्र खोथ, एसडीओ अमित पूनिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीआईए और एएनसी सेल ने 1.377 किलो अफीम सहित दो युवक दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता मिली है। सीआईए रतिया और एएनसी सेल फतेहाबाद की टीमों ने मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए कुल 1 किलो 377 ग्राम अफीम बरामद कर दो नशा तस्करों को सलाखों के पीछे धकेल दिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।पहली सफलता सीआईए रतिया पुलिस को मिली। पुलिस टीम ने एक युवक को 710 ग्राम अफीम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान खेत ढाणी रत्ताखेड़ा निवासी सौरभ गोदारा उर्फ घोलू पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि अपराध जांच शाखा की टीम इलाके में अपराध रोकथाम और गश्त के दौरान लुहारी चौक से टेलीफोन एक्सचेंज रोड की ओर मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक मोटरसाइकिल पर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को सामने देखकर युवक हड़बड़ा गया और अचानक अपनी मोटरसाइकिल का रास्ता बदलकर भागने का प्रयास करने लगा। युवक की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे तुरंत रोककर काबू कर लिया। जब उससे मौके पर पूछताछ की गई, तो वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। सीआईए प्रभारी ने आगे बताया कि पुलिस टीम ने नियमानुसार और राजपत्रित अधिकारी के दिशानिर्देशों के तहत जब युवक की तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 710 ग्राम अफीम बरामद हुई। अफीम और प्रयुक्त मोटरसाइकिल को तुरंत पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

#### 667 ग्राम अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

*इसी दौरान मिली गुप्त व विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए संदिग्ध युवक को दबोच लिया। नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 667 ग्राम अफीम बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव फुला निवासी रविन्द्र उर्फ रवि पुत्र बलबीर सिंह के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।*



## प्रदेश में राजनीतिक परिदृश्य को बदलने का काम करेगी इनेलो की रैली : सुनैना चौटाला

■ बैठक में इनेलो की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा भट्टू ब्लॉक में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता इनेलो के फतेहाबाद हलका प्रधान अंगद ढिंगसरा ने की वहीं विशेष तौर पर इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने भाग लिया7 इस दौरान इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला के आगामी हलका स्तरीय कार्यक्रमों और 27 सितंबर को जननायक स्व. चौधरी देवीलाल की जयंती पर आयोजित होने वाली विशाल रैली की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में भट्टू ब्लॉक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रणनीति बनाई गई। बैठक में बीसी सैल के अध्यक्ष भागीराम सोनी, महिला जिलाध्यक्ष प्रियंका सिहाग, सुशीला पिलानियां, बिल्लु बैनीवाल, राजेन्द्र जखड़, अमित सरोहा, अजय मांजू, रेशमा, कृष्ण मांजूर कृष्ण लुखा, राजेन्द्र ढाका, राम सिंह किरढान, सतपाल राव, राकेश कड़वासरा, रामप्रकाश, बलबीर पूर्व सरपंच, सुरेन्द्र भादू, निजामुदीन, रोहताश ढाण्ड, सोहन लाल, जेस्साराम सहित अनेक इनेलो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में विशेष रूप से 27 सितंबर को जननायक चौधरी देवीलाल जी की प्रस्तावित विशाल रैली को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। सुनैना चौटाला ने कहा कि 27 सितंबर को जननायक चौधरी देवीलाल की प्रस्तावित विशाल रैली राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को बदलने का काम करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभी से गांव-गांव और ढाणी-ढाणी जाकर अधिक से अधिक लोगों को इस रैली से जोड़ें।


फतेहाबाद। बैठक में इनेलो पदाधिकारियों के साथ महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला।

#### कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी

बैठक में आगामी चुनावी व संगठनात्मक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए बूथ लेवल संगठन को सशक्त बनाने और प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपने पर भी रणनीति बनी। सुनैना चौटाला ने कहा कि इनेलो का संगठन धरातल पर लगातार मजबूत हो रहा है। कार्यकर्ताओं के इस उत्साह से स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता का विश्वास एक बार फिर इनेलो की नीतियों के प्रति तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी कार्यक्रमों और 27 सितंबर की रैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प दिलवाया।

## नकली टावर के जरिए एसएमएस ब्लास्ट कर बैंक अकाउंट खाली कर रहे साइबर ठग

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने आमजन को आधुनिक तकनीक के जरिए हो रही एक बेहद खतरनाक साइबर ठगी को लेकर सतर्क किया है। उन्होंने नकली मोबाइल टावर और एसएमएस ब्लास्ट तकनीक का इस्तेमाल कर लोगों के बैंक खातों में सेंध लगाने वाले गिरोहों से बचने के लिए जनहित में एडवाइजरी जारी की है। एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी अब गाडिय़ों या बैग में फर्जी टावर लगाकर सीधे मोबाइल नेटवर्क को हाईजैक कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों की निजी और बैंकिंग सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने इस नए साइबर फ्रॉड के तरीकों का खुलासा करते हुए बताया कि ठग पोर्टेबल उपकरणों की मदद से एक नकली मोबाइल टावर तैयार कर लेते हैं। इन उपकरणों को अक्सर किसी गाड़ी, बैग या भीड़भाड़ वाली जगह पर छुपाकर रखा जाता है। जब आम नागरिकों का मोबाइल फोन नेटवर्क सिग्नल खोजता है, तो वह अपने करीब मौजूद सबसे मजबूत सिग्नल यानी इस नकली टावर से कनेक्ट हो जाता है। इसके तुरंत बाद यह फर्जी टावर मोबाइल को 4जी या 5जी जैसे सुरक्षित नेटवर्क से हटाकर जबरन कमजोर सुरक्षा वाले 2जी नेटवर्क पर शिफ्ट कर देता है। जैसे ही फोन 2जी पर जाता है, साइबर अपराधी एसएमएम ब्लास्टर के जरिए एक साथ सैकड़ों मोबाइलों पर फर्जी मैसेज भेजते हैं। इनमें बैंक खाते बंद होने, केवाईसी अपडेट कराने, फ्री ऑफर या सिम ब्लॉक होने से जुड़े डर पैदा करने वाले मैसेज होते हैं। इन मैसेज में एक फर्जी लिंक भी होता है, जिस पर क्लिक करते ही यूजर का डेटा और बैंकिंग डिटेल्स चोरी हो जाती हैं।


एसपी निकिता

## सरकार हर वर्ग का समान दृष्टि से कर रही विकासः रोहताश



**सिरसा।** हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार हर वर्ग का समान दृष्टि से विकास कर रही है, जिसका हरेक वर्ग को पूरा लाभ मिल रहा है। रविवार को चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने खंड रानियां के विभिन्न गांवों का दौरा किया और करीब 50 लाख रुपये की लागत से बने विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने गांव ओटू में कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड को सुना। इस अवसर पर सीएम एमिनेंटपर्सन ठाकुर भगवत सिंह भी उपस्थित रहे। रोहताश जांगड़ा ने गांव नाईवाला स्थित रामबाग में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित विशाल शेड का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने गांव केहरवाला की गौशाला में करीब 12 लाख रुपये की लागत से बने शेड का लोकार्पण किया। रोहताश जांगड़ा ने कहा कि सिरसा जिले के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं प्रत्येक माह जिला ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों, जातियों और गांवों का समान रूप से विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार ने पिछले 12 वर्षों में जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है।

## गोशालाओं में पहुंचा नशा मुक्ति अभियान, ग्रामीणों को दिखाई शॉर्ट फिल्म

**ओढां।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा समाज को व्यसन मुक्त बनाने के लिए चलाया जा रहा विशेष नशा मुक्ति जागरूकता अभियान रविवार को ओढ़ा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पहुंचा। अभियान के तहत आधुनिक सचल एलईडी रथ वाहन रविवार को क्षैत्र की दो प्रमुख गोशालाओं श्री कृष्ण गौशाला पन्नीवाला मोटा और श्रीराम भगत हनुमान गोशाला नूहियांवाली में पहुंचा। इस दौरान आयोजित विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं और पुरुषों ने हिस्सा लिया और डिजिटल स्क्रीन पर दिखाई गई प्रेरणादायक नशा मुक्ति फिल्म देखी। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी आश्रम की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बहन शमा दीदी ने आध्यात्मिक प्रवचन दिए।

## झोरडनाली स्कूल में पुलिस की चौपाल, बच्चों को किया जागरूक

**सिरसा।** पुलिस ने जिले के गांव झोरड़नाली के राजकीय विद्यालय में चौपाल लगाकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव और बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में विद्यार्थियों, अध्यापकों और ग्रामीणों ने भाग लिया। सदर थाना प्रभारी सीमा सोढ़ी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति की सेहत ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, खेलों और पढ़ाई की ओर ध्यान देने तथा समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में नशा बेचने या सेवन करने की जानकारी मिले तो बिना डर पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। आधुनिक दौर में बढ़ रहे साइबर अपराधों पर चर्चा करते हुए थाना प्रभारी ने बच्चों को ऑनलाइन ठगी से बचने के आसान और व्यवहारिक तरीके बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम पिन या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर आने वाले फर्जी इनाम, केवाईसी अपडेट, डिजिटल अरेस्ट और फर्जी कॉल जैसी ठगी से भी सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग केवल पढ़ाई और जरूरी कार्यों के लिए करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों या पुलिस को दें।




वूमेन चैरिटी क्लब ने वैष्णो माता मंदिर में लगाया शिविर

## रक्तदान शिविर में 50 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वूमेन चैरिटी क्लब, ग्रीन पार्क, फतेहाबाद द्वारा रविवार को वैष्णो माता मंदिर, ग्रीन पार्क में प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाजसेवियों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चेयरमैन वेद फूला रहे। मुख्य अतिथि वेद फूला ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाने में सहायक बनता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया और वूमेन चैरिटी क्लब के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं आमतौर पर रक्तदान करने से पीछे हटती है लेकिन यहां महिलाओं ने ही रक्तदान शिविर का आयोजन कर नई मिसाल कायम की है। क्लब सदस्य आशा वर्मा ने कहा कि इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के साथ-साथ लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करना है।


फतेहाबाद। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते सदस्यगण। फोटो: हरिभूमि

धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं ने पंचायत के साथ मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान

## ओढ़ा में सफाई और पौधरोपण से बदलेगी गांव की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

ओढ़ा में सामुदायिक एकजुटता की एक अनूठी और प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। गांव की विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने ग्राम पंचायत के साथ मिलकर ग्रामीण अंचल के सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का बीड़ा उठाया है। इसी मुहिम के तहत रविवार को श्मशान घाट (रामबाग) परिसर व गंदे नाले की सफाई और पौधारोपण अभियान चलाया गया।धार्मिक संस्थान बाबा रामदेव कमेटी के प्रधान रणजीत सिंह कुंडर ने बताया कि गांव को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से हर महीने के आखिरी रविवार को सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के लोग एक मंच पर एकत्रित होते हैं। इसके बाद मिलजुलकर गांव के किन्हीं एक या दो सार्वजनिक स्थानों की पूरी तरह से साफ-सफाई की जाती है। इसी कड़ी में आज सुबह बाबा रामदेव कमेटी, ग्राम पंचायत, हनुमत सेवा समिति और श्री राम बाग कमेटी के सदस्यों व सेवादार श्मशान घाट परिसर में एकत्र हुए। सभी ने मिलकर परिसर में उगी अनावश्यक झाड़ियों को काटा और बिखरे हुए कचरे को साफ कर पूरे परिसर की कायाकल्प कर दीमहावीर गोदारा ने बताया कि इसके बाद बाबा रामदेव मंदिर से लेकर कालांवाली रोड पर स्थित पीरखाना तक गंदे नाले की सफाई की गई। सफाई अभियान संपन्न होने के बाद पर्यावरण संरक्षण के तहत श्मशान घाट परिसर में फलदार, छायादार और औषधीय पौधे रोपे गए। इस अभियान में ग्राम पंचायत का भी विशेष सहयोग रहा। रामबाग कमेटी के प्रधान लखी ओढ़ा ने इन पौधों की नियमित देखभाल करने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। उन्होंने सभी सदस्यों को गांव में स्थित अन्य संस्थाओं में पौधे लगाने का आह्वान किया।


सिरसा। रामबाग में पौधारोपण करते हुए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जोत राम शर्मा, महावीर गोदारा, कृष्ण मायला, गोविंद सिंह बग्गा, सहदेव गोदारा, लखी ओढ़ा, गोविंद सिंह बग्गा, कुलदीप सिंह, रिंकू मेडिकल वाला, सुखपाल तगड़, लीला सिंह, बलवंत सिंह सहित अनेक गांववासी उपस्थित रहे।



सिरसा। विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते एएसपी।

## सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 स्विमिंग में दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले, सिरसा के युपंजोत और हरमीत ने जीते पदक

# एडिशनल एसपी बोले, खेल ही नशे के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

एमएसजी भारतीय खेल गांव में चल रही चार दिवसीय सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 बालक वर्ग स्विमिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विभिन्न आयु वर्गों की स्पर्धाओं में खिलाडि़यों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। रविवार को सिरसा के एडिशनल एसपी आदर्शदीप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर विजेता खिलाडि़यों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी आदर्शदीप सिंह ने कहा कि एमएसजी भारतीय खेल गांव में खिलाडियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल ढांचा तैयार किया गया है, जो युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशे की बढती प्रवृत्ति से युवाओं को बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम खेल हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ उनकी ऊर्जा का सही उपयोग करने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर-17 वर्ग की 400 मीटर मेडले स्पर्धा में पानीपत के देवेश खरब ने पहला, सिरसा के युपंजोत ने दूसरा तथा रायपुर (सोनीपत) के दक्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-19 वर्ग की 400 मीटर मेडले में फरीदाबाद के दर्श सिंह पहले, पानीपत के अरमान राठी दूसरे तथा शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल, सिरसा के हरमीत सिंह तीसरे स्थान पर रहे। सीबीएसई की ऑब्जर्वर प्रो. डॉ. गार्गी ने भीप्रतियोगिता में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक टच पैड्स का उपयोग किया जा रहा है, जिससे परिणाम पूरी तरह पारदर्शी और सटीक मिल रहे हैं।





सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी

### इन स्पर्धाओं में भी रहे विजेता

100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक अंडर-14 में संगरूर के अर्णवजीत सिंह, अंडर-17 में कुरुक्षेत्र के यश सैनी और अंडर-19 में झज्जर के शोभित गिल ने स्वर्ण पदक जीता। 50 मीटर बटरफ्लाई अंडर-11 में फरीदाबाद के जतिन शर्मा, अंडर-14 में सोनीपत के इराज सेहरावत, अंडर-17 में लुधियाना के ओजस सूंड तथा अंडर-19 में सोनीपत के अयान वीर खत्री विजेता रहे। वहीं 100 मीटर बैक स्ट्रोक अंडर-14 में सोनीपत के अनाव मलिक, अंडर-17 में लुधियाना के ओजस सूंड तथा अंडर-19 में अमृतसर के तनीष अग्रवाल ने पहला स्थान हासिल किया।

### स्विमिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दम दिखाया

शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थानों के प्रशासक चरणजीत सिंह इन्सां एवं स्पोर्ट्स हेड कोच डॉ. नवजीत सिंह भुल्लर ने बताया कि दूसरे दिन 400 मीटर मेडले, 50 मीटर बैक स्ट्रोक तथा अन्य स्पर्धाओं के मुकाबले आयोजित किए गए। कार्यक्रम में डेरा सच्चा सौदा के सीनियर वाइस चेयरमैन डॉ. पीआर नैन, रिटायर्ड कर्नल नरेंद्र पाल सिंह तूर, डॉ. शीला पूनिया इन्सां, राकेश धवन इन्सां, डॉ. दिलावर सिंह, अजय धमीजा सहित आदि रहे।

## शहीद मनोहर लाल मावलिया और कृष्ण कुमार सेवदा को दी श्रद्धांजलि

# शहीदों की याद में बनेगा स्मारक, ढाणी डूल्ट में जिप सदस्य ने रखी आधारशिला

**स्मारक नई पीढ़ी को देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा देगा: झाझड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर ढाणी डूल्ट गांव के दो वीर सपूत शहीद मनोहर लाल मावलिया और शहीद कृष्ण कुमार सेवदा की स्मृति को चिरस्थायी बनाने की दिशा में रविवार को महत्वपूर्ण पहल हुई। जिला परिषद सदस्य रामनिवास झाझड़ा उर्फ मिट्ठू ने दोनों शहीदों के प्रस्तावित स्मारकों के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान आधारशिला रखने से पहले दोनों शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में शहीदों के परिजन, ग्रामीण और क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिला परिषद सदस्य रामनिवास झाझड़ा ने शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान उन्होंने गांव में शहीदों का स्मारक बनवाने का वादा किया था। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए जिला परिषद फतेहाबाद की बैठक में प्रस्ताव रखकर स्वीकृति दिलवाई गई, जिसके बाद अब दोनों शहीदों की याद में भव्य स्मारक बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह स्मारक केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए देशभक्ति, साहस और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा का केंद्र बनेगा। इससे युवा पीढ़ी शहीदों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को जान सकेगी तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध होगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने ₹शहीद मनोहर लाल अमर रहें₹ और ₹शहीद कृष्ण कुमार सेवदा अमर रहें₹ के गगनभेदी नारों से वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। उपस्थित लोगों ने शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया।



भूना। कारगिल विजय दिवस पर ढाणी डूल्ट गांव में शहीद मनोहर लाल मावलिया और शहीद कृष्ण कुमार सेवदा के प्रस्तावित स्मारक की आधारशिला रखते

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच संदीप कुमार सरोवा, भूप सिंह सेवदा, रणधीर सिंह मावलिया, हवा सिंह दहिया, डॉ. देवेंद्र सिंह सेवदा, राजेश कुमार मावलिया, जगदीश चबरवाल, दरिया सिंह, सुरजीत सिंह, धर्मपाल दहिया, मान सिंह, रामप्रसाद सरोवा, जीतराम नेहरा, विकास शर्मा, जय सिंह मावलिया, दरिया सिंह सरोवा, रामनिवास मावलिया, राजू फौजी, महेंद्र राव, सुमित सरोवा, अनूप बाजिया,अमित सरोवा,संजय कुमार, दरिया सिंह चौहान सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।





सिरसा। कारगिल विजय दिवस पर शिक्षाविद् ने कलाकृतियां बनाते हुए।

### अध्यापक ने उकेरी कैलीग्राफी से कलाकृतियां

**सिरसा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के हिंदी प्रवक्ता चमन भारतीय ने अपनी कैलीग्राफी से कलाकृतियां उकेरी। उन्होंने देशवासियों को संदेश दिया कि हमारे वीर देश की धडक़न है। हमें उनके त्याग को कभी भी नहीं भूलना चाहिए। चमन भारतीय ने बताया कि वे अपनी खूबसूरत कैलीग्राफी से विभिन्न क्षेत्र और मुद्दों पर अपनी कैलीग्राफी उकेरते रहते हैं। एक पेड़ मां के नाम पर भी उन्होंने बहुत ही सुंदर कैलीग्राफी से कलाकृतियां उकेरी और पर्यावरण, संवेदनाओं का संदेश दिया। वहीं उन्होंने शिक्षाप्रद प्रेरणादायक कलाकृतियां भी उकेरी। दुनिया का सबसे खूबसूरत सबसे गहरा और छोटे शब्द से भी समाज को राष्ट्र को यह संदेश दिया की मां जैसा दुनिया में कोई भी नहीं है। उन्होंने बताया कि वे श्याम पट्ट पर भी विद्यालय में समय-समय पर चाहे राष्ट्रीय पर्व हो, महापुरुषों की जयंती हो, पावन पवित्र त्योहार हो या हो शहीदों के बलिदान दिवस हो, स्वच्छता का संदेश हो, विद्यार्थियों के समक्ष अपनी कलाकृतियों को श्यामपट्ट पर उकेरते रहते हैं, ताकि विद्यार्थियों को संदेश मिले और राष्ट्र के बारे में, समाज के बारे में, स्वच्छता के बारे में, पर्यावरण के बारे में, सामाजिक मूल्यों के बारे में, विद्यार्थी जान सके और महसूस कर सकें।

## क्षत्रिय राजपूत महासभा के स्थापना दिवस पर मेधावी विद्यार्थियों और प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्षत्रिय राजपूत महासभा फतेहाबाद के तत्वावधान में रविवार को शहर के लजीज होटल में 5वां स्थापना दिवस समारोह, मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार व सरकारी नौकरी में चयनित प्रतिभाओं का विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के उत्थान, शिक्षा के प्रचार-प्रसार और युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मार्केट कमेटी डिंग के चेयरमैन रविन्द्र चौहान ने बच्चों के साथ अपने विचार साझा किए और उन्हें जीवन में अनुशासन व कड़ी मेहनत के साथ आगे बढऩे की प्रेरणा दी। वहीं, विशिष्ट अतिथि शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ढिंगसरा के डायरेक्टर विजय बघेल ने विद्यार्थियों को करियर के सही मार्गदर्शन और सफलताओं की बुलंदियों को छूने के मूलमंत्र दिए।





फतेहाबाद। कार्यक्रम में भाग लेते क्षत्रिय राजपूत महासभा के सदस्य।

### मेधावी छात्रों व सरकारी नौकरी में चयनितों का सम्मान

समारोह के दौरान सुरेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा बच्चों को नोटबुक वितरित की गई तथा अन्य अतिथियों द्वारा पेन व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों दीक्षा, नैनसी, देविका, रितिका, पियुष, मनीषा, हरीश, जशन, विक्रम, रोहन, रूपाली, जैनटी, हेमंत तथा 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों रीना कंवर, दीक्षा कंवर, विकास, पारस, रीत चंदेल को महासभा द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा हाल ही में सरकारी नौकरी में भर्ती हुए विकास सिसौदिया को भी महासभा की ओर से विशेष रूप से सम्मानित कर उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग से निपटने का एकमात्र उपाय पौधरोपण: अजयपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

विक्की मिड्डूखेड़ा फाऊंडेशन की ओर से गांव ओढां में पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में छायादार, फूलदार व औषधीय पौधे रोपित किए। मुख्य अतिथि अजयपाल ने कहा कि प्रकृति हमें जीवन देती है। लगातार बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग से निपटने का एकमात्र उपाय पौधारोपण है। अगर हर व्यक्ति अपने जीवन के हर खास मौके पर कम से कम एक पौधा लगाए तो हम अपनी आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण दे सकते हैं। उनकी इस अनूठी पहल की स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों ने जमकर सराहना की है। इस मौके पर बग्गा सिंह नंबरदार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की मांग है।

अगर पर्यावरण का संरक्षण नहीं किया गया तो हमारी आने वाली पीढ़ी स्वच्छ वातावरण में सांस नहीं ले पाएगी। उन्होंने बताया कि पेड़-पौधे न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि कई प्रकार की औषधियां भी प्रदान करते हैं, जिससे गंभीर बिमारियों का उपचार किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने घरों में खास अवसरों पर पौधरोपण जरूर करें।

## स्वास्थ्य शिविर में 31 विशेष बच्चों की हुई जांच

**सिरसा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सिविल अस्पताल स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में आरकेजे स्पेशल स्कूल के 31 बच्चों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। डीईआईसी विशेषज्ञों द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की गहन जांच, नेत्र रिफ्रेक्शन टेस्ट, निःशुल्क दवा वितरण एवं रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. संदीप ने बताया कि जिले में 11 मोबाइल स्वास्थ्य टीमें स्कूलों व आंगनबाड़ियों में निरंतर बच्चों की स्क्रीनिंग कर रही हैं। डीईआईसी मैनेजर डॉ. अंकुर ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक 38 बच्चों के निःशुल्क ऑपरेशन कराए जा चुके हैं।

## जागो संस्था की मांग : पूरे देश में लागू हो एक देश-एक पाठ्यक्रम

- कारगिल के वीर बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि, नगर निकाय अध्यक्षों को पूर्ण वित्तीय पावर देने की वकालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हिसार रोड स्थित जागो संस्था के कार्यालय में रविवार को पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ कारगिल युद्ध में देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इसके बाद संस्था ने देश की मौजूदा शिक्षा व्यवस्था और चुनाव प्रणाली पर गंभीर मंथन करते हुए कई बड़े सुधारों की वकालत की। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि आजादी के 79 साल बाद भी देश की सबसे अहम शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है।



फतेहाबाद। बैठक में चर्चा करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

### 'एक देश, एक चुनाव' प्रत्यक्ष प्रणाली से हो

केंद्र सरकार द्वारा एक देश, एक चुनाव को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर संस्था ने कहा कि यह कदम सही है, लेकिन यह तभी पूरी तरह कामयाब होगा जब चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से हों। संस्था की मांग है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का चुनाव जनता सीधे खुद करे। अभी जनता विधायक और सांसद चुनती है, जो बाद में मुखिया तय करते हैं। सीधे चुनाव होने से सिस्टम में मजबूती आएगी और देश में कभी अल्पमत की कमजोर सरकार नहीं बनेगी।

## बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक ने विद्यार्थियों को बांटी स्टेशनरी

**सिरसा।** बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में दूसरा स्टेशनरी वितरण समारोह आयोजित किया गया। ट्रस्ट के महासचिव प्रेम कंदोई ने बताया कि इस समारोह के अंतर्गत प्रयास मेंटली चैलेंजड चिल्ड्रन स्कूल सिरसा, राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी प्लांटा हुड्डा सेक्टर-19 सिरसा एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला हुड्डा सेक्टर-20 सिरसा के कुल 300 विद्यार्थियों को 500 कॉपियां एवं रजिस्टर वितरित किए गए। कार्यक्रम में दिव्यांगजन विद्यार्थियों सहित सभी बच्चों को स्टेशनरी सामग्री दी गई। ट्रस्ट की ओर से 30 विद्यार्थियों को आंखों के निःशुल्क चश्मे के कार्ड भी वितरित किए गए। मुख्यातिथि राजेंद्र कुमार रातुसरिया ने कहा कि विद्यार्थी मोबाइल से दूर रहकर मेहनत से अपनी पढ़ाई जारी रखें।

## देवशयनी एकादशी पर खाटू श्याम धाम में सजी भव्य भजन संध्या

**सिरसा।** श्री खाटू श्याम धाम में देवशयनी एकादशी के अवसर पर श्री श्याम परिवार ट्रस्ट की ओर से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी सं या में श्रद्धालु शामिल हुए और मंदिर परिसर देर रात तक बाबा श्याम के जयकारों व भक्ति रस से सराबोर रहा। श्री श्याम परिवार ट्रस्ट के सदस्य दिपेश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के पुजारी रामशरण और उमेश ने संरक्षक भारत भूषण गुप्ता की देखरेख में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया। इसके बाद बाबा को भंडारे का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। भजन संध्या में मंदिर कमेटी के प्रधान डॉ. श्याम सुंदर गुप्ता और डॉ. मनदीप सिंह ने गणेश वंदना के साथ बाबा श्याम का गुणगान शुरू किया। चंदन चौक पुरावा मंगल कलश सजावां, प्यारा सा मुखड़ा, घुंघराले केश, मन की बातें सांवरिया, शरणागत की श्याम, दानी होकर क्यों चुप बैठा, ओ श्याम बाबा और मुझे श्याम तेरा सहारा नहीं होता... जैसे भजनों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

### ये रहे मौजूद

रविवार को द्वादशी के अवसर पर बाबा को खीर-चूरमे का भोग अर्पित किया गया तथा भक्तों में प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, सुमित चौधरी, सुमित अग्रवाल, रमेश मोंगा, संदीप कसवां, महेंद्र सैनी, मीना गुप्ता, दीपा गुप्ता, सरोज अग्रवाल नुहियांवाली, पूनम गुप्ता, सुमित नुहियांवाली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



### जैन मुनियों के मंगल प्रवेश से धर्ममय हुआ शहर

**रतिया।** शहर में रविवार को अध्यात्म और भक्ति का एक अद्भुत माहौल देखने को मिला जब जैन संत मनीष मुनि महाराज, अतिमुक्त मुनि महाराज एवं अनुराग मुनि महाराज का नए जैन स्थानक में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस पावन अवसर पर पुराने जैन स्थानक से नए जैन स्थानक तक एक विशाल पद यात्रा निकाली गई। पद यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने हाथों में धर्म ध्वज उठाकर और मुनिश्री के जयकारों के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मंगल प्रवेश कार्यक्रम में शहर की कई गणमान्य हस्तियों और प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इनमें मुख्य रूप से चेयरमैन एससी आयोग डॉ. रविंद्र बलियाला, अंकित सिंगला सहित शहर की तमाम प्रमुख धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रधान एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सेवा का विशेष ध्यान रखा गया। अग्रवाल धर्मशाला के मुख्य द्वार पर प्रमोद बंसल जी द्वारा पद यात्रा में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए ठंडे जल एवं प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में धर्मप्रेमी पहुंचे। रोहतक, बरवाला, कुलां, बिठमड़ा सहित कई अन्य स्थानों से श्रद्धालुओं की बसें भरकर पहुंचीं।

## राष्ट्रीय ओड सभा प्रदेशभर में लगाएगी पौधे

**सिरसा।** राष्ट्रीय ओड सभा की कोर कमेटी की रविवार को ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मक्खन सिंह ने बताया कि सभी सदस्यों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। बैठक के दौरान पर्यावरण बचाएं, स्वच्छ समाज बनाएं के संकल्प को दोहराते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभा हरियाणा प्रदेश के उन सभी जिलों में, जहां ओड समाज के लोग निवास करते हैं, वहां 2100 पौधे लगाएगी। इस अभियान के माध्यम से पूरे प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण का व्यापक संदेश दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

## शामलात भूमि पर बसे परिवारों को उनके आवास का मिलेगा वैध स्वामित्व

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा दशकों से शामलात भूमि पर बने मकानों के परिवारों को उनके आवास का वैध स्वामित्व तथा मालिकाना हक प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए समाधान योजना शुरू की गई है। यह प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। पात्र नागरिक समाधान पोर्टल के माध्यम से अपने आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए आवेदक सबसे पहले समाधान पोर्टल पर जाकर अपने जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत का चयन करें। इसके बाद फैमिली आईडी, आधार संख्या अथवा पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से अपना पंजीकरण करें। मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी का सत्यापन करने के बाद आवेदन पत्र में मांगी गई सभी आवश्यक जानकारी भरकर आवेदन ऑनलाइन जमा करें।

## जिलाध्यक्ष बोले : विकसित भारत के संकल्प को देता है मजबूती

# भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने सुनी पीएम के 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा एडवोकेट की मौजूदगी में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रसिद्ध रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। भट्टू कलां स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, बूथ नंबर 127 पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा परिवार के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन सतीश गोयल, एमिनेंट पर्सन व बूथ अध्यक्ष प्रमोद गोयल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, राष्ट्र निर्माण और जनभागीदारी के लिए निरंतर प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं, खिलाडिय़ों और वैज्ञानिकों की अभूतपूर्व उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने बैडमिंटन स्टार पी.वी. सिंधु की शानदार जीत, लॉर्ड्स के मैदान पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक टेस्ट विजय तथा साइंस ओलंपियाड में भारतीय छात्रों द्वारा जीते गए स्वर्ण एवं रजत पदकों की विशेष रूप से सराहना की।



फतेहाबाद। कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुनते बीजेपी जिलाध्यक्ष।

### प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण पर दिया जोर

प्रवीन जोड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बताते हुए प्राचीन कुओं और बावडिय़ों जैसे पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण व पुनर्जीवन करने का आह्वान किया है। इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत देशभर में हुए व्यापक पौधारोपण और उसके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने का उल्लेख करते हुए पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल, विज्ञान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण और जल संरक्षण जैसे विषयों के माध्यम से प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जसवंत माचरा, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन संजय सिंगला, बंसी सरपंच, महामंत्री संदीप शर्मा, गोविंद गोयल, अजय बंसल आदि मौजूद रहे।